

नवभारत
इंदौर, सोमवार, 11 मई, 2026


## एक नजर में

### असाड़ा राजपूत समाज कर रहा महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव की तैयारियां जोरों से



**आलीराजपुर।** असाड़ा राजपूत समाज ने राष्ट्रगौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिवसीय भव्य महोत्सव आयोजित करने की अंतिम रूपरेखा तय कर ली है। समाज अध्यक्ष मानेंद्र सिंह गेहलोत की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप भवन पर हुई बैठक में सभापति एडवोकेट राजेश राठौर ने विचार व्यक्त किए। बैठक की शुरुआत महाराणा प्रताप के पूजन से हुई, जहां अध्यक्ष मानेंद्र सिंह गेहलोत ने कहा कि उनकी शौर्य गाथाएं राष्ट्रभक्ति का अमर दीप जलाती रहेंगी। मीडिया संयोजक उमेश सिंह वर्मा (कछवाहा) और आशीष सिंह डी वाघेला ने बताया कि 15 मई (शुक्रवार) शाम 6ः30 बजे मुख्य मार्गों से वाहन रैली निकलेगी। इसमें वरिष्ठजनों का सम्मान और महाराणा प्रताप की जीवन गाथा पर व्याख्यान होगा। कार्यक्रम में 16 मई को शाम 4 बजे महाराणा प्रताप प्रतिमा पर पूजन-दीप प्रज्वलन, उसके बाद भव्य शौर्य यात्रा महाराणा प्रताप भवन से मुख्य मार्गों पर। यात्रा समापन पर सभा- अध्यक्षीय उद्बोधन, शौर्य गाथा, अतिथि भाषण, स्मृति चिन्हों से सम्मान किया जाएगा। मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान से राजपूत संगठनों के पदाधिकारी शिरकत करेंगे। रात्रि में समाज बंधुओं के लिए स्नेह भोज रखा गया है। समाज बंधुओं के लिए पारंपरिक क्षत्रिय वेशभूषा अनिवार्य, महिलाओं के लिए केसरिया, लाल या बांधनी साड़ी-राजपूताना ड्रेस कोड तय। बैठक में उपाध्यक्ष राजेश आर वाघेला, महिला उपाध्यक्ष रेखा हेमंत सिंह सिसोदिया, भवन प्रभारी रविंद्र सिंह गेहलोत, सचिव पंकज सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह वाघेला, सह-सचिव अमित सिंह भाटी सहित पूर्व अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे। समिति गठित कर दायित्व बांटे गए तथा जिले के स्वजातीय संगठनों से सपरिवार उपस्थिति की अपील की गई।

### रानी काजल माता मंदिर पहुंचीं प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके पेयजल और पहुंच मार्ग सुधारने के दिए निर्देश



**आलीराजपुर ।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री एवं आलीराजपुर की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके ने आलीराजपुर जिले के सोंडवा विकासखंड स्थित रानी काजल माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं जिले की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर सांसद श्रीमती अनीता चौहान, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, जिला अध्यक्ष श्री मकू परवाल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष हजरीबाई खरत भी उपस्थित रहीं। मथवाड़ स्थित रानी काजल माता मंदिर आदिवासी समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मान्यता है कि माता के दरबार में मांगी गई मन्नतें पूर्ण होती हैं। यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से भी भरपूर है, जहां से मां नर्मदा के मनोहारी दर्शन होते हैं। मंदिर परिसर ऊंचाई पर स्थित होने और पेयजल व्यवस्था की कमी को देखते हुए प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी श्री मेढा को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए शीघ्र समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ऊंचाई पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही मंदिर तक पहुंचने वाला मार्ग कठिन होने पर प्रभारी मंत्री ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहुंच मार्ग को सुगम एवं सुरक्षित बनाया जाए, जिससे श्रद्धालुओं की आवाजाही आसान हो सके। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनोज गरवाल सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।



## धोखाधड़ी : 19 व्यापारियों से साढ़े 6 करोड़ की शक्कर खरीदी, पेमेंट नहीं किया

▶ शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने एक को गिरफ्तार किया, एक की तलाश

**इंदौर. शहर के 19 व्यापारियों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. मामले में क्राइम ब्रांच ने कायमी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं एक की तलाश की जा रही है. मामला शक्कर व्यापार से जुड़ा है. आरोपियों द्वारा शक्कर लेने के बाद उसका पैसा नहीं दिया जा रहा था.**

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि व्यापारियों की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज किया है. इसमें तरुण जैसवानी को पकड़ लिया है, वहीं उसके एक साथी की तलाश की जा रही है. इस मामले में 19 फरियादी हैं, जो पिछले डेढ़ साल से परेशान थे. उन्होंने बताया कि आरोपी और फरियादियों के बीच शक्कर के लेन-देन का कामकाज था. इस व्यापार में आरोपियों ने व्यापारियों से लगातार शक्कर ली और उसका पेमेंट नहीं किया. आरोपी बार-बार उन्हें पेमेंट का भरोसा दिलाते रहे. इसमें उन्होंने एग्रीमेंट भी किया, मगर फरियादियों को पैसा नहीं लौटाया गया.

डीसीपी ने बताया कि इस मामले में शिकायत मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने आरोपी पक्ष को क्राइम ब्रांच बुलवाया गया अपना पक्ष रखने के लिए।

# मोटरसाइकिल चोरों का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपी गिरफ्तार कर दो चोरी की बाइक बरामद कीं**



**आलीराजपुर।** थाना कोतवाली पुलिस ने दो मोटर साइकिल चोरी के मामलों का तेजी से खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से चोरी की दोनों मोटरसाइकिलें और अपराध में प्रयुक्त एक अपाचे बाइक भी जब्त की गई।

फरियादी भादु पिता रेमसिंह तोमर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जिला अस्पताल के पीछे मुबारिक अहमद खान के मकान के सामने खड़ी उनकी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (नंबर- एमपी 69 एमसी1240) अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई। इसी तरह, फरियादी रोबिन पिता राजू तिंक ने बताया कि कृष्णा सेठ के गोडाउन के पास तिखी इमली, आलीराजपुर पर उनकी होण्डा शाइन (काली रंग, लाल पट्टी, नंबर- एमपी69जेडबी1062) चोरी हो गई। इन रिपोर्टों पर थाना कोतवाली में अपराध 194/2026 एवं 195/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामले दर्ज कर जांच शुरू की गई।

**▶ सीसीटीवी के फुटेज से सामने आए सबूत**

विवेचना में पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज, पुलिस कैमरों का बारीकी से अवलोकन किया तथा मुखबिर सूचना पर ग्राम उमराली में दबिश देकर तीनों संदिग्धों को दबोच लिया। आरोपियों में पारला पिता गुजरिया जमरा (22),निवासी वाकनेरी सिंधी फलिया, सुपी पिता नानबु जमरा (20), लक्की पिता किशन जमरा (19)दोनों निवासी वाकनेरी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी दिलू उर्फ दिलीप के साथ मिलकर दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल की। उनके कब्जे से दोनों चोरी की मोटरसाइकिलें (एमपी69एमसी1240 एवं एमपी69जेडबी1062) तथा अपराध में इस्तेमाल अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हो गई। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू सिटोले, उनि. अजय वास्कले, सउनि. अरुण राठौर, प्रआर. प्रदीप, प्रआर. काली, प्रआर. दिलीप (साइबर), आर. गंगाराम, आर. सुमित, आर. उदयसिंह, आर. प्रमोद, आर. संदीप (साइबर), आर. रविन्द्र, आर. अकरम, आर. जितेन्द्र और संतोष शामिल रहे।

## ऐतिहासिक कलश यात्रा से फुट तालाब में श्रीमद भागवत कथा महायज्ञ शुरू

▶ पंडित कमल किशोर नागर को सुनने पहुंचे हजारों



**मेघनगर।** मेघनगर में सनातन धर्म महिलाओं की गहरी और असंख्य आस्थाओं को समर्पित दिखाई दिया। तपती गर्मी के बावजूद फुटतालाब में पंडित कमल किशोर नागर जी के मुखारविंद से होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व निकली कलश यात्रा में महिलाओं की संख्या का अंदाज लगा पाना लोगों के लिए असंभव सा दिखाई दिया।

माथे पर हजारों कलश एक जैसी वेशभूषा और सड़कों पर पानी का छिडकाव भगवान श्रीराधेकृष्ण भोलेनाथ श्रीरामभक्त हनुमान जी की झाँकियों के साथ बग्गी पर विराजित साधु संत जिले संस्कृति के नृत्यों के बीच सुराणा कंपाउंड से निकली महिलाओं की कलश यात्रा लोगो के लिएँ भारत की धार्मिक आस्थाओं के असंख्य प्रतीकों का दर्शन थी द्य नगर के प्रमुख चौराहो पर सांस्कृतिक सामाजिक और धार्मिक मंडलो के साथ राजनीतिक संगठनों और नगर परिषद की ओर भी जलपान और पुष्प वर्षा कर इस कलश यात्रा का स्वागत किया गया।

जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री वनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर पंडित कमल किशोर नागर जी के मुखारविंद से होने वाली श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ आज कलश यात्रा के साथ हुआ हो गया....यात्रा मैं पेटलावद रायपुरिया कल्याणपुरा रंभापुर थांदला राणापुर से भी बड़ी संख्या में महिलाएं पहुँची थी महिलाओं ने अधिक से अधिक संख्या में माता बहनों से आकर कथा का लाभ लेने की अपील भी की कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं आस्था का कलश लेकर चलती हुई दिखाई दी बड़ी संख्या में जहाँ लोगों ने भगवान की झाँकियों के दर्शन किए वहीं कई साधु संत भी इस आयोजन में पहुंचे इस अवसर पर विशेष रूप से आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य और मध्य प्रदेश के समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन का जगह जगह स्वागत किया गया। जैन ने बताया कि कई वर्षों के इंतजार के बाद पंडित कमल किशोर नागर की कथा का अवसर फुटतालाब में आया है मैं सभी से यह आग्रह करता हूं कि सभी प्रतिदिन कथा में फुटतालाब पहुँचे कथा का समय दोपहर 12 से 3 बजे तक रहेगा कथा के पश्चात प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था भी की गई।

### पेड़ पर चढ़कर पान दुकान में चोरी, चादर हटाकर घुसे बदमाश

इंदौर. कनाड़िया इलाके में चोरों ने अनोखे तरीके से पान दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों का सामान पार कर दिया. बदमाश पेड़ के सहारे ऊपर चढ़े और दुकान की चादर हटाकर अंदर घुसे. यहां से सिगरेट, पान मसाला, नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए. बिचौली मर्दाना में रहने वाले 46 वर्षीय भवानी पिता उम्मेद सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया है. फरियादी ने बताया कि उनकी रजवाड़ी पान की ठड़ी नाम से दुकान है, जहां शुक्रवार को चोरी की वारदात हुई. मामले में थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि दुकान के पास स्थित पेड़ के सहारे चोर ऊपर पहुंचे और चादर हटाकर अंदर प्रवेश किया.

## पुराने अस्पताल परिसर में मिला कारोबारी का शव



**पेटलावद।** पुराने अस्पताल परिसर में रविवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब यहां एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। मृतक की पहचान कुम्हार मोहल्ला निवासी मंगतू पिता शंकरलाल गवली के रूप में हुई है, जो पुराने बस स्टैंड पर पान की दुकान संचालित करता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया गया। मृतक के पास से पुलिस को सल्फास की एक खाली डिब्बी बरामद हुई है, जिसे जांच में शामिल किया गया है। जानकारी के अनुसार, मंगतू पिछले कुछ समय से पारिवारिक जमीन विवाद के चलते तनाव में था। जिस पर तलवारबाजी का एक प्रकरण भी दर्ज हुआ था, मिलीजानकारी के अनुसार जिसके बाद से ही वह अपने घर न जाकर संतोष राठौड़ नामक व्यक्ति के साथ एक कमरे पर रह रहा था। शनिवार शाम करीब 4 बजे मंगतू यह कहकर निकला था कि वह रतलाम जा रहा है, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। रविवार सुबह मेडिकल पर काम करने वाले राहुल राठौड़ ने सबसे पहले पुराने अस्पताल के कमरे में शव देखा और मित्र भागीरथ यादव को सूचना दी गई। टीआई निर्भयसिंह भूरिया ने बताया कि पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है। सल्फास की मौजूदगी आत्महत्या की ओर इशारा कर रही है, लेकिन जमीन विवाद और पिछली रंजिशों को देखते हुए पुलिस अन्य संभावनाओं को भी तलाश रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी, बेटा और बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है।

## ऑनलाइन लाइफ या रियल लाइफ, कौनसी है बैटर... : क्रिया सेक्रेटरी



**आलीराजपुर।** आज के समय में हमारी जिंदगी जैसे दो हिस्सों में बंट गई है, एक ऑनलाइन लाइफ और दूसरी रियल लाइफ। हम रोज कई घंटे मोबाइल और सोशल मीडिया पर बिताते हैं। वहां हमें हर किसी की जिंदगी बहुत अच्छी और परफेक्ट नजर आती है। हर कोई खुश और सफल दिखता है, लेकिन अगर ध्यान से सोचें, तो सच्चाई इससे थोड़ी अलग होती है।

यह व्याख्यान बच्चों की सासाहिक गोष्ठी को संबोधित करते हुए क्रिया सेक्रेटरी बाग ने कहे। क्रिया ने आगे कहा कि ऑनलाइन लाइफ में लोग अपनी जिंदगी के सिर्फ अच्छे पल ही दिखाते हैं। अपनी परेशानियां, फेलियर या दुख अक्सर छुपा लेते हैं। इसलिए जब हम दूसरों की पोस्ट देखते हैं, तो हमें लगता है कि उनकी जिंदगी हमसे बेहतर है। यही सोच हमें अंदर से दुखी कर देती है और कई बार हम खुद को कम समझने लगते हैं। आजकल लोग लाइक्स, फॉलोअर्स और कमेंट्स को ही अपनी पहचान मानने लगे हैं। अगर किसी पोस्ट पर कम लाइक्स मिलते हैं, तो उनका मन उदास हो जाता है। धीरे धीरे इसका असर उनके आत्मविश्वास पर पड़ता है और तनाव भी बड़ता है। कई बार लोग दूसरों को खुश करने के लिए खुद को बदलने लगते हैं, जबकि ऐसा करना सही नहीं है।

क्रिया सेक्रेटरी ने आगे संबोधित करते हुए कहा कि वहीं रियल लाइफ अलग होती है। यहां खुशी भी होती है और दुख भी, और यही चीजें इसे असली बनाती हैं। परिवार के साथ समय बिताना और दोस्तों के साथ हंसना बोलना ही सच्ची खुशी देता है। आमने सामने बात करना और साथ समय बिताना, मोबाइल से बात करने से ज्यादा अच्छा लगता है। ऑनलाइन दुनिया के कुछ फायदे भी हैं। इससे हम नई चीजें सीख सकते हैं और दूर के लोगों से जु? रह सकते हैं। लेकिन अगर हम इसका ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, तो यह नुकसान भी करता है, जैसे समय की बर्बादी, ध्यान कम होना और मन पर दबाव ब?ना। इसलिए जरूरी है कि हम ऑनलाइन और रियल लाइफ के बीच संतुलन बनाए रखें। सोशल मीडिया का इस्तेमाल करें, लेकिन अपनी असली जिंदगी को ज्यादा महत्व दें। अंत में यही कहना चाहती हुं कि ऑनलाइन लाइफ हमारी जिंदगी का एक हिस्सा है, लेकिन रियल लाइफ ही सच में सबसे ज्यादा असली और जरूरी है।

## भाजपा की जिला बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों और प्रशिक्षण वर्ग पर की गई चर्चा

**आलीराजपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं दो दिवसीय आवासीय जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासिन अतिथियों द्वारा भारत माता एवं पितृ पुरुषों के चल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कि गई

शुरुआत कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान के उद्बोधन से हुई। उन्होंने अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इसके बाद पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर शाह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल निर्वाचन परिणामों पर बधाई दे कर मजबूती से संगठन का कार्य करने की बात कही। जिला प्रभारी दिलीप पटोदिया ने कार्यकर्ताओं को कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर के सक्रिय कार्यकर्ताओं से ही संभव है।

सांसद अनीता चौहान ने आगामी पार्टी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं से समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। अगले क्रम में संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने अपने उद्बोधन में संगठनात्मक अनुशासन, समन्वय एवं कार्य विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी मंडलों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के निर्देश दिए।

**एक नजर में** ▶ नल-जल योजनाओं की गुणवत्ता, समयसीमा और छात्रावास व्यवस्थाओं पर दिए सख्त निर्देश

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**आलीराजपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके ने शनिवार को आलीराजपुर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, जनजातीय कार्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई।**

बैठक में प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी मेढ़ा को निर्देश दिए कि एकल नल-जल योजनाओं के पूर्ण कार्यों को शीघ्र पंचायतों को हैंडओवर किया जाए। साथ ही जहां नवीन हैंडपंप खनन की आवश्यकता हो, वहां कलेक्टर की स्वीकृति के बाद जांच प्रक्रिया पूरी कर ही खनन कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में नल-जल योजना का कार्य पूरा हो चुका है, वहां शीघ्र पेयजल आपूर्ति शुरू की जाए। प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने जल निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी नल-जल परियोजनाएं वर्ष 2028 से पहले पूर्ण की जाएं। जहां इंटेकवॉल निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। छात्रावास व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने कहा कि जो अधीक्षक एक ही स्थान पर तीन वर्ष से अधिक समय से पदस्थ हैं, उनका स्थानांतरण किया जाए। उन्होंने ऐसे अधीक्षकों को प्राथमिकता देने की बात कही।

**▶ वन अधिकार पट्टों और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी चर्चा**

प्रभारी मंत्री ने पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर वन अधिकार पट्टों की पुनः समीक्षा करने के निर्देश दिए। वहीं बखतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो डॉक्टरों की नियमित ड्यूटी सुनिश्चित करने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। शिक्षा क्षेत्र में जिले की उपलब्धि पर जताई खुशी जिले के हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों के प्रदेश की परीक्षा परिणाम सूची में टॉप-5 में स्थान बनाने पर प्रभारी मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में जिले का नाम इसी तरह रोशन करते रहने की बात कही। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने कलेक्टर नीतू माथुर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त शिक्षा विभाग के अमले को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में स्व सहायता समूह द्वारा हस्त निर्मित साड़ी प्रभारी मंत्री संपतिया उइके को कलेक्टर माथुर भेंट की गई। बैठक में सांसद अनीता चौहान, कलेक्टर नीतू माथुर,जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत, जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल, संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।